# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 20 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-53

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुठभेड़ में मारा गया नक्सली केरलापाल डिप्टी कमांडर चिंगा निकला

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कल शाम पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में मारे गए वर्दीधारी नक्सली की केरलापाल एसी ऐक्शन टीम डिप्टी कमांडर चिंगा के रूप में शिनाख्त की गयी है।

घटनास्थल पर सर्च करने पर एक राईफल, एक पाइप बम, पिटठु बैग, नक्सल साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ। घटना स्थल पर खून के धब्बों से एक और नक्सली को गोली लगने की सम्भावना है। मृत नक्सली का गत वर्ष में हुयी बहुत सी घटनाओं में शाामिल रहा है, जिनमें से बड़े सेट्टी सरपंच हूंगा की हत्या, सीपीआई नेता कलमु ध्रुवा की हत्या, डीआरजी जवानों पर तीन बार आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ की बाइक पार्टी पर ब्लास्ट, केरलापाल बाजार में करन की हत्या, इत्तापारा में एक युवक की हत्या जैसे और भी बहुत से मामले में शामिल था। चिंगा की तलाश पुलिस को बहुत समय से थी, इसके मारे जाने से फूलबगडी एरिया में नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने में सफलता मिलेगी।

### रूस से अब भारत खरीदेगा दूसरा एयर डिफेंस सिस्टम

**कीमत होगी 1.5 बिलियन डॉलर**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अब भारत रूस से 1.5 बिलियन डॉलर का एयर डिफेंस सिस्टम खीदेगा। इस खरीद को लेकर प्रथम चरण की सहमति बन गयी है और जल्द ही भारत यह सिस्टम रूस से खरीद लेगा। ज्ञात हो कि अभी हाल ही में रूस ने भारत को एस-400 सिस्टम और नेवी वॉरशिप बेचा है। इसके बाद रूस की नजर अब भारत के एयर डिफेंस सुरक्षा पर है।

रूस अब भारत के साथ 1.5 बिलियन डॉलर की एयर डिफेंस सिस्टम की डील करने जा रहा है। अमेरिका द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भारत-रूस के साथ यह डील कर सकता है। यह बेहद कम दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम होगा।

सोमवार को हुई एक बैठक के मुताबिक इस डील के लिए सबसे कम बोली रूस ने ही लगाई है। हालांकि इस डील के बीच में अब भी कई बाधा हैं। इस डील के लिए फ्रांस और स्वीडन ने भी बोली लगाई थी। रूस की बोली फ्रांस और स्वीडन के मुकाबले कम थी। इस डील को फाइनल करने में भी अमेरिकी प्रतिबंधों की समस्या आ सकती है।

### आर्मी डिपो में विस्फोट, 6 की मौत

वर्धा (आरएनएस)। आर्मी डिपो के पास मंगलवार की सुबह गोला बारूद उतारने के दौरान हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। रक्षा विभाग के अधिकृत सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलगांव कस्बे में स्थित सेंट्रल आर्मी डिपो के पास 'एक्सप्लोसिव डिमोलिशन ग्राउंड' में सुबह करीब सवा सात बजे विस्फोट हुआ। यह ग्राउंड सेंट्रल एम्युनिशन डिपो के नजदीक है। वर्धा के एएसपी निखिल पिंगले ने बताया कि हादसे के दौरान वहां ठेके पर काम करने वाले 10-15 मजदूर मौजूद थे। गोला बारूद उतारने के दौरान एक बक्से में विस्फोट हुआ। पुलिस महानिरीक्षक (नागपुर रेंज) के. एम. एम. प्रसन्ना ने कहा कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा।

### आईएएस-आईपीएस अफसरों ने लिया लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के तहत आज हो रहे मतदान को लेकर जहां आम मतदाताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिल रहा है तो वहीं आईएएस और आईपीएस और वरिष्ठ अफसर भी परिवार सहित लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने मतदान केन्द्रों में पहुंचे।

## मुठभेड़ में 4 आतंकी ढेर, एक जवान शहीद




जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास पाक की ओर से सीजफायर के उल्लंघन की एक और घटना पुंछ में सामने आई है। वहीं, शोपियां जिले में मंगलवार सुबह शुरू हुए एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने चार आतंकियों को ढेर कर दिया। इस कार्रवाई में एक जवान शहीद हो गया और दो जवान घायल भी हुए हैं। ज्ञात हो कि पुंछ सीमा पार से ब्रिगेड हेडर्चॉर्टर्स को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की गई। मिली जानकारी के अनुसार शोपियां जिले के नंदीगाम इलाके में सुरक्षा बलों को 2 से 3 आतंकियों के छुपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके को घेर लिया गया। दोनों ओर से शुरू हुई फायरिंग में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षा बलों ने चार आतंकियों को मार गिराया। कार्रवाई में सेना का एक जवान भी शहीद हो गया, जबकि दो और जवान घायल हुए हैं। यहां मुठभेड़ और सर्च ऑपरेशन अब भी जारी है।

### भारत ने भी की जवाबी कार्रवाई

**वहीं, सीमा पर पाकिस्तान अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। घुसपैठ की कोशिशों से लेकर सीजफायर तोड़ने तक की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी बीच मंगलवार को पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास से फायरिंग की गई और मोर्टार भी दागे गए। यह फायरिंग पुंछ ब्रिगेड हेडक्वार्टर्स को निशाना बनाते हुए की गई, हेडच ार्टर के पास आकर तीन शेल गिरे। भारत की ओर से भी सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।**

## छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान संपन्न 72 सीटों पर डाले गए वोट



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 72 सीटों पर आज मतदान हो गया है। इन सीटों को जीतने के लिए कांग्रेस और भाजपा ने रणनीति के साथ-साथ जातीय समीकरण के गणित को भी बैठाने की कोशिश की है। लेकिन पिछली बार करीब दो दर्जन ऐसी सीटें रहीं, जिनपर जीत-हार का फासला कुल पड़े मतों के पांच फीसदी से भी कम था। इन सीटों पर तमाम गणित के बावजूद पार्टियों की सांसें अटकी हैं। उनकी सांसे पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की एंट्री से और तेज हो गई है।

**चुनावी बिसात**

-72 सीटों पर होगा मतदान
-46 सीटें सामान्य श्रेणी की
-17 सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए
-9 सीटें अनुसूचित जातियों के लिए
-1079 प्रत्याशी मैदान में
-119 इनमें से महिलाएं हैं

**इनके हाथों में भविष्य**

-1,53,85,983 कुल मतदाता
-77,46,628 पुरुष
-76,38,415 महिलाएं
-940 तृतीय लिंग

**आयोग की क्या थी तैयारी**

-19,296 मतदान केंद्र बनाए गए
- 1 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी थे तैनात
- 6 जिले इस चरण में नक्सल प्रभावित

किस सीट पर कितनी दावेदारी

- 46 प्रत्याशी मैदान में हैं रायपुर शहर दक्षिण सीट के लिए (सबसे अधिक)
- 6 सबसे कम प्रत्याशी बिंद्रानवागढ़ सीट से किस्मत आजमा रहे हैं।

**इनकी किस्मत दांव पर**

- गौरीशंकर अग्रवाल (कासडोल से भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष)
- धर्मलाल कौशिक(बिल्हा से भाजपा प्रत्याशी और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष)
- भूपेश बघेल (पाटन से प्रत्याशी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष)
- ताम्रध्वज साहू (दुर्ग ग्रामीण से प्रत्याशी और दुर्ग से मौजूदा लोकसभा सांसद)
- रेणु जोगी (कोटा सीट से जेसीसी-जे से प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी)
- ऋचा जोगी (अकालतरा से बसपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की बहू)

## आलोक वर्मा के जवाब पर सुको में सुनवाई 29 नवंबर तक टली

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीबीआई अधिकारियों के विवाद के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 29 नवंबर तक टल गई। सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई डायरेक्टर आलोक वर्मा पर सीवीसी की रिपोर्ट और उसपर वर्मा के जवाब पर सुनवाई हो रही थी। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने आलोक वर्मा के जवाब के मीडिया में लीक होने पर गहरी नाराजगी जताई।



ज्ञात हो कि सोमवार को सीबीआई डायरेक्टर वर्मा ने उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सीवीसी की रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल किया था। वर्मा का जवाब मीडिया में लीक हो गया और इसे लेकर कुछ न्यूज रिपोर्ट्स भी सामने आ गईं।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने मामले के तथ्यों की जानकारी लीक होने पर नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि एक ऑनलाइन पोर्टल पर वर्मा के जवाब के आधार पर रिपोर्ट की गई थी, जिसपर सर्वोच्च अदालत ने नाराजगी जताई।

शीर्ष अदालत ने सीबीआई निदेशक के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर सीवीसी की प्रारंभिक रिपोर्ट पर 16 नवंबर को आलोक वर्मा को सीलबंद लिफाफे में सोमवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इससे पहले, 16 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सीवीसी ने अपनी जांच रिपोर्ट में कुछ बहुत ही प्रतिकूल टिप्पणियां की हैं और वह कुछ आरोपों की आगे जांच करना चाहता है, जिसके लिए उसे और समय चाहिए।

## प्रदूषण से राहत के लिए कराई जाएगी कृत्रिम वर्षा

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश की राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए इस सप्ताह कृत्रिम वर्षा कराई जा सकती है। जिससे हवा से जहरीले प्रदूषकों को दूर किया जा सके. दिल्ली की वायु गुणवत्ता पिछले तीन सप्ताह में बिगड़कर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है.

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मौसमी दशा स्थिर होने पर कृत्रिम वर्षा कराने के लिए क्लाउड सीडिंग की जाएगी. उन्होंने कहा कि इसी सप्ताह वर्षा कराने की योजना है. अगर मौसमी दशा उपयुक्त नहीं हुई तो इसे अगले सप्ताह किया जाएगा.



क्लाउड सीडिंग सिल्वर आयोडाइड, ड्राई आइस और नमक समेत विभिन्न तरह के रासायनिक एजेंटों को मौजूद बादलों के साथ जोड़ने की प्रक्रिया है ताकि उन्हें सघन किया जा सके और इससे वर्षा की संभावना बढ़ाई जा सके. अधिकारी ने कहा कि कृत्रिम वर्षा कराने हेतु मौसमी दशा अनुकूल बनाने के लिए मौसम विज्ञानी हालात पर नजर रख रहे हैं.

आर्द्रता और हवा की बेहद धीमी गति की वजह से मंगलवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 352 दर्ज किया गया जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है.

## डोनाल्ड ट्रंप के नाम का टॉयलेट ब्रश आते ही मार्केट मे आऊट ऑफ स्टॉक हो गया

एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्ख़ियों में छाए रहते हैं। एक बार भी फिर वह चर्चा का विषय बने हैं लेकिन इस बार किसी बयान की वजह से नहीं बल्कि एक टॉयलेट ब्रश है। दरअसल, इन दिनों डोनाल्ड ट्रंप के नाम का टॉयलेट ब्रश बेचे जा रहे हैं रहा है जो कि मार्केट मे आते ही आऊट ऑफ स्टॉक हो गए है।एक ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट ईटसे और अन्य कंपनियों ने ट्रंप के नाम का एक बहुत ही सस्ते दाम में ब्रश उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खबरों कि मानें तो लोग इसे खरीदना पसंद भी कर रहे हैं। यहां तक की लगातार आरहे ऑर्डर की



वजह से लोगों के पास इसे पहुंचानें में समय भी ज्यादा लग रहा है। इसके साथ ही उस वेबसाइट पर बताया गया है कि इस ब्रश को न्यूजीलैंड में बनाया गया है।यही नहीं विक्रेता ने उपभोगताओं को रिझाने के लिए तरह-तरह के नोट्स भी लगाएं हैं।

विक्रेता ने लिखा 'मेरे टॉयलेट ब्रश जैसा राष्ट्रपति टॉयलेट ब्रश भी नहीं'। इस ब्रश को आकर्षक बनाने के लिए इसपर ट्रंप का चेहरा और उनका नीले सूट को लाल टाई के साथ बनाया गया है साथ ही उनके बालों को एक बदसूरत संस्करण दिया गया है।

## ट्रंप के बयान पर इमरान का पलटवार, ट्विट कर दिया करारा जवाब

एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के लिए कुछ नहीं करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नवीनतम बयान पर सोमवार को तीखी प्रतिक्रिया की और कहा कि अफगानिस्तान में अपनी विफलताओं के लिए पाकिस्तान को 'बलि का बकरा' बनाने के बजाय अमेरिका को यह पता लगाना चाहिए कि तालिबान पहले से भी अधिक मजबूत होकर क्यों उभरा है?खान का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही ट्रंप ने यह कहते हुए पाकिस्तान को लाखों डॉलर की सैन्य सहायता रोकने के अपने प्रशासन के



फैसले का समर्थन किया कि पाकिस्तान ने आतंकवाद पर अंकुश पाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। ट्रंप ने पाकिस्तान की इस बात के लिए भी आलोचना की कि उसने अलकायदा आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को अपने छावनी शहर एबटाबाद के समीप छिपने का ठिकाना उपलबध कराया।आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका की अगुवाई में लड़ाई में पाकिस्तान के रिकार्ड का बचाव करते हुए खान ने अपने ट्विटों में कहा, ''पाकिस्तान के खिलाफ ट्रंप के बयान पर रिकार्ड को सीधा-सीधा सामने रखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई में भाग लेने का फैसला किया जबकि 9/11 के हमले में कोई भी पाकिस्तानी शामिल नहीं था।

## अतंतः पूर्व मंत्री मंजू वर्मा ने किया सरेंडर

पटना (आरएनएस)। मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप मामले में अंततः पूर्व मंत्री मंजू वर्मा ने बेगूसराय के मंझौल अनुमंडल कोर्ट में सरेंडर किया है। मिली खबर के अनुसार मंजू वर्मा बुर्का पहनकर सरेंडर करने पहुंची थीं। ज्ञात हो कि इस प्रकरण के सिलसिले में सीबीआई ने 17 अगस्त को मंजू वर्मा के बेगूसराय जिला स्थित आवास पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके घर से अवैध हथियार के साथ 50 कारतूस बरामद किए थे। इसे लेकर दर्ज केस के बाद से ही मंजू वर्मा फरार थीं।



पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए बेहद तीखी टिप्पणी की थी और बिहार पुलिस को फटकार लगाते हुए राज्य के डीजीपी को पेश होने का आदेश भी दिया था। इस मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होनी है। सुप्रीम कोर्ट की फटकार और मंझौल अदालत की तरफ से पूर्व मंत्री मंजू वर्मा की संपत्ति जब्त करने के आदेश के बाद 17 नवंबर को पुलिस ने बेगूसराय स्थित उनके घर के बाहर संपत्ति जब्त करने से जुड़ा नोटिस चस्पा किया था।